## खबर संक्षेप

### सिंघाड़ा की नष्ट हुई फसल का मुआवजा देने की बात विधायक ने रखी सदन में बात



**मैहर।** आज सदन में मैहर विधायक श्रीकान्त चतुर्वेदी ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिंगरहा समाज के पूर्व वर्ष सिघाड़ा की फसल ओलावृष्टि से नष्ट हो गयी थी जिसकों लेकर किसानों को मुआवजा दिलाने जाने हेतु मांग प्रमुखता से रखी। सदन में विषय की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए विधानसभा अध्यक्ष एवं राजस्व मंत्री करण सिह वर्मा ने सिंगरहा समाज के किसानों के हित मे बात रखते हुये कहा कि जल्द ही मुआवजा की राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

### ओम जय गुरुदेव जय जय गुरुदेव अखंड कीर्तन से गुंजायमान हो रहा धारकुंडी आश्रम



**सतना।** ओम जय गुरुदेव जय जय गुरुदेव के नाम के अखंड कीर्तन से परमहंस धारकुंडी आश्रम गुंजायमान हो रहा है। श्री श्री 1008 श्री परमहंस स्वामी सच्चिदानंद महाराज जी के ब्रह्मलीन होने के बाद से आश्रम में दिन-रात ओम जय गुरुदेव जय जय गुरुदेव की अखंड कीर्तन क्षेत्रीय भजन कला मंडली व श्री स्वामी जी के भक्तों के द्वारा अखंड ओम जय गुरुदेव की कीर्तन अनवरत संचालित है। आश्रम से जुड़े जानकारों ने बताया कि यह अखंड कीर्तन ओम जय गुरुदेव नाम की जो आश्रम में चल रही है यह स्वामी जी का षोडषी पर्व जो 24 फरवरी को मनाया जाएगा।तब तक यह धुन आश्रम में सुनाई देती रहेगी। जहां सभी भक्त स्वामी जी के स्मरण को लेकर अखंड कीर्तन में सम्मिलित होकर जीवन को सफल बनाएं।

### रेलवे में उचेहरा-मैहर एकादश ने ऑपरेटिंग को दी शिकस्त,फाइनल में आरपीएफ से होगी भिड़ंत

**सतना।** रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएल प्रतियोगिता के दूसरे रोमांचक सेमी फाइनल में उचेहरा प्लस मैहर एकादश ने ऑपरेटिंग टीम को 19 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए उचेहरा-मैहर एकादश ने वरुण शुक्ला (25) और अशोक (18) के योगदान से 20 ओवरों में 127 रन बनाए। ऑपरेटिंग के विपुल पांडे ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके। जवाब में,ऑपरेटिंग की टीम 19ओवर में 108रनों पर सिमट गई। राजेश गौतम ने नाबाद 51 रनों की जुझारू पारी खेली,लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। उचेहरा-मैहर की ओर से प्रिंस गुप्ता ने 3 विकेट लिए,जिसके लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मैच के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र सिंह सहित 'चंद्रशेखर आजाद पूर्व सैनिक संगठन' के पदाधिकारी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अब 22 तारीख (रविवार) को सुबह 10 बजे मेगा फाइनल उचेहरा-मैहर एकादश और पांच बार की विजेता आरपीएफ प्लस जीआरपी के बीच रेलवे मैदान में खेला जाएगा।

## बांदा कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# 50 मासूमों का यौन शोषण करने वाले दरिंदे पति-पत्नी को फांसी की सजा

**सतना।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले की पॉक्सो कोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐसा फैसला सुनाया जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। बच्चों के साथ कुकर्म करने और उनके अश्लील वीडियो डार्क वेब के जरिए विदेशों में बेचने वाले सिंचाई विभाग के पूर्व जेई रामभवन और उसकी पत्नी दुर्गावती को फांसी की सजा सुनाई गई है।

### प्रमुख बिंदु: न्याय का कड़ा प्रहार

जज प्रदीप कुमार मिश्रा ने आदेश दिया कि दोनों को मरते दम तक फंदे पर लटकाया जाए। कोर्ट ने डीएम को पत्र लिखकर प्रत्येक पीड़ित बच्चे को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का निर्देश दिया है।

### अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क

आरोपी 47 देशों (चीन,अमेरिका,ब्राजील,अफगानिस्तान आदि) में बच्चों के अश्लील वीडियो और फोटो बेचते थे। 5 से 16 साल की उम्र के लगभग 50 से ज्यादा बच्चे इस दरिंदगी का शिकार हुए।

### कैसे चलता था दरिंदगी का यह काला खेल?

रामभवन चित्रकूट में सिंचाई विभाग में जेई के पद पर तैनात था। संतान न होने के कारण वह अपनी पत्नी के साथ मिलकर गरीब बच्चों को अपना निशाना बनाता था। बच्चों को मोबाइल फोन,गेम,खिलौने और यूट्यूब वीडियो दिखाने के बहाने घर बुलाया जाता था। विरोध करने पर बच्चों को बेरहमी से पीटा जाता था और उनका मुंह दबा दिया जाता था। लैपटॉप के कैमरों और मोबाइल से बच्चों के वीडियो बनाए जाते थे और उन्हें डार्क वेब के अंतरराष्ट्रीय पेडोफाइल नेटवर्क पर अपलोड किया जाता था।



### सीबीआई और इंटरपोल की बड़ी कार्रवाई

इस घिनौने अपराध का खुलासा तब हुआ जब इंटरपोल ने भारतीय जांच एजेंसियों को इनपुट दिया।

### अक्टूबर 2020: सीबीआई ने मामला दर्ज किया।

17 नवंबर 2020: रामभवन और उसकी पत्नी को गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने 88 दिनों के भीतर 700 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की,जिसमें 74 गवाहों के बयान और डिजिटल साक्ष्य शामिल थे। जांच में एक पेन ड्राइव मिली जिसमें 34 बच्चों के वीडियो और 679 अश्लील फोटो मौजूद थे।

### कोर्ट की टिप्पणी और पीड़ितों का हाल

सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि पीड़ित बच्चों की मानसिक और शारीरिक स्थिति इतनी खराब थी कि उनका इलाज दिल्ली एआईआईएमएस में कराना पड़ा। जज ने इस कृत्य को मानवता के खिलाफ अपराध मानते हुए दोषियों को किसी भी प्रकार की राहत देने से इनकार कर दिया।

## रेलवे भर्ती घोटाले का पर्दाफाश

# सीबीआई का चित्रकूट में छापा, तीन अधिकारी गिरफ्तार




**सतना।** रेलवे के टीआरडी विभाग में संविदा भर्ती के नाम पर चल रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई ने एक बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। सीबीआई की लखनऊ टीम ने देर रात जाल बिछाकर उरई और चित्रकूट में छापेमारी की,जिसमें रिश्वतखोरी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है।इस कार्रवाई में एक मंडल अधिशासी अभियंता,एक एसएसई और एक टेक्नीशियन को गिरफ्तार किया गया है।

### रंगे हाथों पकड़े गए अधिकारी

सीबीआई इंस्पेक्टर देवेश के नेतृत्व में टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। छापेमारी की सीबीआई ने डीईई (टीआरडी) शांतनु यादव और टेक्नीशियन प्रकाश कुशवाहा को चित्रकूट से हिरासत में लिया। वहीं,एसएसई (टीआरडी) बी.एस.पाल को उरई में अभ्यर्थियों से कथित तौर पर रिश्वत की रकम वसूलते समय मौके पर ही दबोच लिया गया। इन अधिकारियों पर रेलवे के टीआरडी विभाग में संविदा आधार पर कर्मियों की भर्ती कराने के बदले मोटी रकम वसूलने का आरोप है।

### देर रात की कार्रवाई से विभाग में हड़कंप

सीबीआई की यह कार्रवाई इतनी गोपनीय और अचानक थी कि विभागीय अधिकारियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। सूत्रों के अनुसार,सीबीआई की टीम काफी समय से इस गिरोह की निगरानी कर रही थी। छापेमारी के बाद टीम तीनों आरोपियों को अपने साथ लखनऊ ले गई है,जहाँ उनसे इस सिंडिकेट में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है।संविदा भर्ती के नाम पर चल रहे इस भ्रष्टाचार की जड़ें काफी गहरी हो सकती हैं। सीबीआई अब इस बात की जांच कर रही है कि इन अधिकारियों ने अब तक कितने लोगों से अवैध वसूली की है और इस खेल में विभाग के कौन से अन्य बड़े नाम शामिल हैं। इस हाई-प्रोफाइल छापेमारी के बाद से रेलवे महकमे में अफरा-तफरी का माहौल है। सीबीआई द्वारा जब्त किए गए दस्तावेजों और मोबाइल फोनों से कई और चौंकाने वाले खुलासे होने की उम्मीद है।

# मैहर में कांग्रेस के पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी झुलसे

**मैहर।** मैहर में शुक्रवार सुबह लगभग दस बजे के करीब कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा अलाउद्दीन तिराहे पर भाजपा मंत्रियों के खिलाफ राहुल गांधी जिंदाबाद एवं नरेन्द्र मोदी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया जा रहा था।कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों के द्वारा पुतला दहन किए जाने की कोशिश की गई मौके पर पहुंच कर पुलिस के द्वारा पुतला छीनने की कोशिश की गई परन्तु इस छीना झपटी में ज्वलनशील पदार्थ छिड़कने के दौरान इस भड़की आग से यातायात प्रभारी विक्रम पाठक के कपड़ों में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। इसी दौरान ड्यूटी मौजूद बदेरा टी आई अभिषेक सिंह एवं अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा श्री पाठक के कपड़ों में लगी आग को काफी मशक्कत के बाद बुझा दिया गया लेकिन जबतक उनका शरीर कई स्थानों में झुलस गया। आग से झुलसे श्री पाठक को तुरंत मैहर सिविल अस्पताल ले जाया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है।इस घटना की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर रानी बाटड एवं एस पी अवधेश प्रताप सिंह के द्वारा सिविल अस्पताल पहुंच कर घटना जानकारी ली गई। वहीं बताया गया कि इस घटना की जांच के बाद दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी मैहर के द्वारा कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंह सिंघार को अपशब्द कहे जाने सहित कई मुद्दों को लेकर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया जाना था। इस पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता काफी संख्या में बैनर - पोस्टर लेक अग्रसेन चौराहे पर एकत्रित हुए और नारे बाजी करते हुए प्रर्दशन किया जाता रहा किंतु कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन के दौरान छीना झपटी में पुलिस कर्मी के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ गिर जाने से कपड़ों में आग लगते ही अफरा तफरी मच गई।मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी अस्पताल पहुंचकर विक्रम पाठक मुलाकात की और कहा कि दोषियों के ऊपर कार्रवाई जरूर होना चाहिए।





### पुतला दहन सांकेतिक होना चाहिए

मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कांग्रेस के पुतला दहन की निंदा करते हुए कहा है कि लोकतंत्र में सबको विरोध प्रदर्शन का अधिकार है कितु प्रदर्शन सांकेतिक और मर्यादित होना चाहिए। ऐसा प्रदर्शन जिससे किसी को क्षति हो पूर्णतः अनुचित है। मैहर पुतला दहन कार्यक्रम की मैं पूर्णतः निंदा करता हूं। माँ शारदा से प्रार्थना हैं कि घायल पुलिस यातायात प्रभारी विक्रम पाठक शीघ्र स्वस्थ हों।

### सांसद प्रतिनिधि ने घायल से की मुलाकात

सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी सिविल अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल अधिकारी से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और घटना की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विक्रम पाठक के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## सांसद प्रतिनिधि ने किया विष्णुसागर एवं गोपाल बाग के तालाब का निरीक्षण

**मैहर।** नगर की ऐतिहासिक धरोहर एवं आस्था के केंद्र विष्णुसागर तालाब का सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था,जलस्तर की स्थिति एवं चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि तालाब परिसर में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ की जाए,जल संरक्षण के उपायों को प्राथमिकता दी जाए तथा सौंदर्यीकरण कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने कहा कि विष्णुसागर केवल एक जलस्त्रोत नहीं,बल्कि मैहर की पहचान और गौरव का प्रतीक है। हमारा संकल्प है कि इसे स्वच्छ,सुंदर एवं जनसुविधाओं से युक्त विकसित किया जाए,ताकि यह स्थल नगर की गरिमा को और अधिक बढ़ाए तथा नागरिकों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मैहर के समग्र विकास के लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासन मिलकर निरंतर कार्य कर रहे हैं और आने वाले समय में विष्णुसागर क्षेत्र में और बेहतर सुविधाएं देखने को मिलेंगी।



# बायोक्रिएशन 2026 में उद्यमिता स्टार्टअप पर व्याख्यान एवं कार्यशाला





**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बायोक्रिएशन इवेंट में दूसरे दिन स्टार्टअप इंडिया और उद्यमिता पर मुख्य अतिथि डॉ ज्योतनारानी जीना,एसोसिएट टेक्नोलॉजी ट्रांसफर केआईआईटी टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर,ओडिशा ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। अपने व्याख्यान में डॉ जीना ने विद्यार्थियों को नवीन इडिया के लिए स्टार्टअप की बुनियाद,उसके लिए फंडिंग,ग्रांट एवं जैवप्रौद्योगिकी में फंडिंग के लिए भारत सरकार द्वारा मिलने वाले फंड एवं ग्रांट के बारे में सभी विद्यार्थियों को जानकारी दी। जैव प्रौद्योगिकी में उद्यमिता के क्षेत्र में हर एक पहलू एवं स्तर पर चर्चा की। डॉ जीना ने मिनिमल वायबल प्रोडक्ट,मार्केट वैलिडेशन,टेक्नोलॉजी रेडनेस मार्केट,इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी,रेगुलेशन बॉडी जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने अपने स्टार्टअप मॉडल की प्रस्तुति दी और डॉ जीना ने उनके स्टार्टअप को स्केलअप और इडिया को आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन किया। कार्यशाला के उपरांत एकेएस विश्वविद्यालय एवं केआईआईटी टेक्नो लॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर के मध्य एमओयू साइन हुआ। कार्यक्रम के अगले कड़ी में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई बायोटेक आधारित मॉडल प्रदर्शिनी की गई जिसको सभी ने सराहा। साथ ही अन्य प्रतियोगिता जैसे क्विज कंपटीशन,एक्टमपोर प्रतियोगिता एवं चित्र आधारित प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इवेंट के दूसरे दिन के अंतिम कड़ी में रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति विद्यार्थियों द्वारा की गई जिसका संचालन डॉ दीपक मिश्रा द्वारा किया गया।

# जिला अस्पताल में देर रात युवक का तांडव: सहायता केंद्र के कांच तोड़े, ऑपरेटर से की अभद्रता

**सतना।** जिला अस्पताल में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात एक युवक ने जमकर हंगामा किया। नशे या किसी अन्य बात की सनक में युवक ने न केवल ओपीडी ऑपरेटर से बदसलूकी की,बल्कि अस्पताल परिसर में स्थित सहायता केंद्र के कांच भी तोड़ दिए। इस घटना से अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों के बीच अफरा-तफरी और दहशत का माहौल निर्मित हो गया।

### बहस से शुरू हुआ विवाद,तोड़फोड़ पर हुआ खत्म

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक,घटना देर रात लगभग 2बजे की है।अस्पताल में उस वक्त स्टाफ काफी सीमित था। युवक ने पहले ओपीडी काउंटर पर तैनात ऑपरेटर से किसी बात को लेकर बहस शुरू की। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि युवक आपा खो बैठा और उसने सहायता केंद्र पर हाथ मारकर वहां लगे कांच चकनाचूर कर दिए। इस दौरान उसने अन्य सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुँचाया।



### सुरक्षा गार्ड से भी उलझा युवक

हंगामे को शांत कराने जब अस्पताल के सुरक्षा गार्ड वहां पहुँचे,तो युवक ने उनके साथ भी गाली-गलौज और अभद्रता की। स्थिति को अनियंत्रित देख अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर युवक को हिरासत में लिया और थाने ले गई।

### अस्पताल स्टाफ में आक्रोश,सुरक्षा की मांग

अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि सहायता केंद्र में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है और युवक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस को आवेदन दिया गया है। वहीं,इस घटना के बाद अस्पताल के कर्मचारियों में गहरा रोष है। स्टाफ ने प्रशासन से मांग की है कि रात के समय अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता की जाए ताकि ड्यूटी के दौरान वे सुरक्षित महसूस कर सकें। पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है और अस्पताल प्रबंधन की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### गुनौर में विद्युत सप्लाई ठप्प देर शाम तक नहीं हुई चालू

गुनौर- नगर में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। शुक्रवार को दोपहर से ही ठपप हुई विद्युत सप्लाई देर शाम तक चालू नहीं हो सकी, जिससे पूरे नगर में हाहाकार मचा रहा। बिजली न होने से न केवल आम जनजीवन प्रभावित हुआ, बल्कि व्यापारिक गतिविधियां भी पूरी तरह ठप रहीं। सप्लाई बंद होने के कारण लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। देर शाम तक बिजली न आने से घरों में अंधेरा छाया रहा और विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी बुरा असर पड़ा। सानीय निवासियों का कहना है कि बिजली विभाग को सूचना देने के बावजूद घंटों तक कोई ठोस सुधार कार्य नहीं देखा गया। नगरवासियों ने आरोप लगाया है कि मेंटेनेंस के नाम पर बार-बार घंटों बिजली काटी जाती है जनता में भारी आक्रोष है।

### ब्राम्हण समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित संदीप चौराहा का हृदय घात के चलते अचानक निधन नगर में शोक व्याप्त



पन्ना। पन्ना नगर के ब्राम्हण समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित संदीप चौराहा का निधन अचानक हृदय गति रूक जाने से होने की खबर जैसे ही नगर में आई सम्पूर्ण नगर शोक व्याप्त हो गया। मृदुभाषी सरल हृदय व्यक्तित्व के धनी पंडित संदीप चौराहा जोकि सभी से मिलते ही स्नेह को लेकर जाने जाते थे। जिनके अचानक निधन से उनके परिवार के साथ-साथ सभी के लिए अपूर्ण क्षति तो है ही वहीं भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

### दक्षिण पन्ना वनमण्डल में गिद्ध गणना 2026 के प्रथम दिवस पर लगभग 1000 गिद्ध दर्ज, विगत वर्षों में सर्वाधिक संख्या

पन्ना। दक्षिण पन्ना वनमण्डल में आयोजित गिद्ध गणना 2026 के प्रथम दिवस पर कुल 942 गिद्ध दर्ज किए गए, जो हाल के वर्षों में सर्वाधिक संख्या है। इससे पूर्व वर्ष 2025 में 762 तथा 2024 में 648 गिद्ध दर्ज हुए थे। इस वर्ष की गणना से क्षेत्र में गिद्ध संरक्षण के प्रयासों के



सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। गणना के दौरान वनमण्डल में 7 प्रजातियों के गिद्ध दर्ज किए गए, जिनमें इंडियन (लॉन्ग-बिल्ड) गिद्ध, इजिप्शियन (सफेद/व्हाइट स्कैवेंजर) गिद्ध, व्हाइट-रम्प्ड गिद्ध, हिमालयन ग्रिफन, यूरेशियन ग्रिफन, सिनेरेयस (ब्लैक) गिद्ध तथा रेड-हेडेड (किंग) गिद्ध शामिल हैं। इनमें इजिप्शियन गिद्धों की संख्या सर्वाधिक पाई गई। विभिन्न गणना दलों द्वारा सर्वाधिक गिद्ध पवई परिक्षेत्र में दर्ज किए गए, जहाँ दलों का नेतृत्व परिक्षेत्र अधिकारी नितेश पटेल द्वारा किया गया। गणना कार्य में गिद्ध विशेषज्ञ मोहनदास नागवानी ने दक्षिण पन्ना वनमण्डल की टीमों के साथ शामिल होकर आवश्यक मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया। साथ ही प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारी पंकज चौधरी ने भी इस अवसर पर गिद्धों की पहचान, व्यवहार एवं संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज मौसम अपेक्षाकृत ठंडा तथा आंशिक रूप से बादलों से ढका रहा, जिससे कुछ क्षेत्रों में गिद्धों की गतिविधि सीमित रही। आगामी दिनों में मौसम अनुकूल रहने पर गणना में दर्ज संख्या 1000 से अधिक होने की संभावना व्यक्त की गई है।

### पवई विधानसभा को मिली करोड़ों रुपए के सड़कों की सौगात



पवई। बीते दिनों मध्य प्रदेश का बजट जारी हुआ था, जिसको विकसित मध्य प्रदेश के बजट के रूप में देखा जा रहा है। इसमें चिकित्सा,स्वास्थ्य,शिक्षा सड़क पुनर्निर्माण कार्य इत्यादि के लिए करोड़ों रुपए की राशि आवंटित की गई है। पवई विधानसभा के लिए भी मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह के द्वारा करोड़ों रुपए की सड़क निर्माण की सौगात दी गई,जिसमें मुख्य रूप से शाहनगर से चमरइया वाया बोरी मार्ग लगभग 40 किलोमीटर राशि 110 करोड रुपए,मडवा से बंधा मार्ग राशि 8.74 करोड़ ,शाहनगर कस्बे मार्ग 2 किलोमीटर राशि 2.75 करोड़ एवं टाई पहुंच मार्ग 3.6 किलोमीटर के लिए 3.9 करोड रुपए की राशि प्रदान की गई है। इन सभी के लिए पवई विधानसभा के लोकप्रिय विधायक प्रहलाद लोधी के द्वारा प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह का कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया गया है।

---

### पन्ना, कटनी, छतरपुर एवं अनूपपुर से चोरी की गई कुल 11 मोटरसाइकिलें करीब 6 लाख रूपये की बरामद

# पन्ना पुलिस द्वारा शाहनगर थाना क्षेत्र से मोटर साइकिल चोरी करने वाले चोर गिरोह का किया गया खुलासा

**मुख्य आरोपी एवं खरीदार सहित कुल 03 आरोपी गिरफ्तार**

पन्ना।

जिले के शाहनगर थाना में फरियादी रम्मू साहू पिता श्री रामलाल साहू उम्र 37 साल निवासी आमा द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 15/02/26 को रात करीब 9.00 बजे मैं अपने घर से जलहरी हार वाले खेत में पानी लगाने अपने भाई की प्लेटिना बजाज कम्पनी की मोटर साईकिल क्रमांक डच 35 डस् 6158 लेकर गया था। खेत से कुछ दूर पहले मोटर साईकिल खड़ी कर अपने खेत पानी लगाने चला गया था। दिनांक 16/02/26 के सुबह करीब 6.00 बजे जब मैं पानी लगाकर वापस लौटा तो देखा कि जहाँ पर मैने अपनी मोटर साइकिल रखी थी वहाँ पर मोटर साइकिल नही मिली मैं काफी देर तलाश करता रहा लेकिन मेरी मोटर साइकिल का कोई पता नही चला। कोई अज्ञात चोर मेरी मोटर साईकिल चोरी कर ले गया है। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही दृ फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर मे अज्ञात आरोपी के विरूद्ध चोरी का अप.क्र. 63/26 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । मामले की जानकारी थाना प्रभारी शाहनगर उनि मनोज यादव द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों कोदी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया ।मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी शाहनगर उनि मनोज यादव के नेतृत्व में प्रभावी कार्यवाही हेतु थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान घटना स्थल के आसपास लोगों से पूछताछ की गई एवं क्षेत्र में सक्रिय मोटरसाइकिल चोरों की जानकारी संकलित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटना के खुलासा हेतु अपने मुखबिर तत्र को सक्रिय किया गया । जिसके फलस्वरूप मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पप्पू रैकवार पिता बाबूलाल रैकवार, निवासी गल्ला मंडी के पीछे पन्ना (हाल किराये का



मकान शाहनगर), वाहन चोरी की घटनाओं में संलिप्त रहता है तथा उसके विरूद्ध थाना कोतवाली पन्ना में भी प्रकरण दर्ज है। हाल में किराये के मकान लेकर शाहनगर में रह रहा है और यह आज भी गाडी चोरी कर बेचने का काम कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश कर उसके शाहनगर स्थित किराये के मकान से पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया तथा बताया कि उसने शाहनगर की गाडी चोरी करना स्वीकार किया पूछे जाने पर बताया कि गाडी मोटरसाइकिल क्रमांक डच 35 डस् 6158 मेरे घर पर रखी है जहां जाकर देखा तो घर के अन्दर 09 गाडिया खडी थी पूछने पर बताया कि ये सभी गाडिया चोरी की है थोडा सक्ती से पूछतांछ करने पर इसने बताया कि मैने दो गाडिया और चोरी की है जो गाडिया मैने सुखलाल रजक पिता धनीराम रजक ग्राम झांझर थाना पवई जिला पन्ना और प्रकाश विश्वकर्मा पिता मोहन विश्वकर्मा ग्राम ताला थाना शाहनगर को बेच दी है उक्त दोनो व्यक्तियो को पकड कर उनसे दो अन्य गाडिया बरामद की है। इस प्रकार पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से पन्ना सहित कटनी, छतरपुर, अनूपपुर जिले चोरी की गई कुल 11 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिसम्मत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

आरोपी ने यह भी बताया कि वह रात्रि में घरों के बाहर एवं सूनसान जगहो पर खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाता था तथा उन्हें शाहनगर स्थित किराये के मकान में छिपाकर रखता था। ग्राहक मिलने पर वह चोरी की मोटरसाइकिलें सस्ते दामों में बेच देता था।

**गिरफ्तार आरोपी-**

1. पप्पू रैकवार पिता बाबूलाल रैकवार, निवासी गल्ला मंडी के पीछे पन्ना (हाल किराये का मकान शाहनगर)
2. सुखलाल रजक पिता धनीराम रजक, निवासी ग्राम झांझर थाना पवई जिला पन्ना
3. प्रकाश विश्वकर्मा पिता मोहन विश्वकर्मा, निवासी ग्राम ताला थाना शाहनगर जिला पन्ना

**जप्त सामग्री -**

मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से निम्न सामग्री जप्त की गई है -

1. हीरो स्पेल्डर प्लस एपपी 21 एमएच 7397
2. बजाज प्लेटीना एमपी 35 एमएच 3942
3. बजाज डिस्कवर एमपी 21 एमई 9708
4. टीवीएस स्पोटस एमपी 35 एमजी 5563
5. हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 65 एनए 5049
6. हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 16 एमएच 1085
7. टीवीएस रिडओन एम 35 जेडडी 1684
8. हीरो होन्डा एचएफ डीलक्स एमपी 35 एमके 9107
9. बजाज प्लेटीना एमपी 35 एमएल 6158
10. हीरो पेसन प्रो एमपी 21 एमएफ 3093
11. हीरो एचएफ डीलक्स एमपी 35 एमके 1306
12. आरोपी पप्पू रैकवार से 2000 रूपये नगद सहित कुल मशरूका कीमती करीब 06 लाख रूपये का जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान -**

उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शाहनगर उपनिरीक्षक मनोज यादव, सउनि शिवेन्द्र सिंह परिहार, प्र0आर0 मनोज त्रिपाठी, रामपाल बागरी, सलीम अली, दया शंकर लोधी, आरक्षक रविन्द्र अहिरवार, सोहन सिंह, बृजभान बागरी चालक प्रमोद प्रजापति का सराहनीय योगदान रहा है

---

## कैलाश विजयवर्गीय के बयान पर बवाल, देवेंद्रनगर में कांग्रेस का जोरदार विरोध



**देवेंद्रनगर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवेंद्रनगर द्वारा भाजपा नेता व कैबिनेट मंत्री कैलाष विजयवर्गीय द्वारा मध्यप्रदेष के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में जोरदार प्रदर्षन किया गया।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मैन तिराहा पर एकत्रित होकर कैलाष विजयवर्गीय का पुतला दहन किया और नारेबाजी कर अपना आक्रोष व्यक्त किया।कार्यम का नेतृत्व ब्लष्क अध्यक्ष मिलन कुषवाहा ने किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जैसे संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के लिए इस प्रकार की टिप्पणी लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है, जिसे कांग्रेस कतई बर्दाष्त नहीं करेगी।उन्होंने मांग की कि संबंधित नेता सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।प्रदर्षन में प्रमुख रूप से मिलन कुषवाहा अध्यक्ष ब्लष्क कांग्रेस देवेंद्रनगर,आषीश बागरी,बाबू भाईजान,प्रहलाद यादव,हिम्मत बागरी सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस प्रकार की बयानबाजी बंद नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र रूऋ दिया जाएगा। प्रदर्षन के दौरान क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा,जिसे बाद में सामान्य किया गया।

## कलेक्टर ने वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने शुक्रवार को गहरा स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला प्रशासन, आयुष विभाग व सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वरिष्ठजनों के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर का मुआयना कर वृद्धजनों को फूलमाला पहनाकर स्वागत व उत्साहवर्धन किया और हालचाल जाना। यहां मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी भी ली। जिला कलेक्टर ने स्टेट एक्शन प्लान फॉर सीनियर सिटिजन अंतर्गत आयोजित शिविर को सराहनीय बताया। दो दिवसीय शिविर में वरिष्ठजनों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही योजनाओं की जानकारी प्रदान कर नियमित योगा विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। वरिष्ठजनों को उपयोगी योगासन व सूक्ष्म व्यायाम के नियमित अभ्यास की जानकारी दी गई। बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। कलेक्टर श्रीमती परमार ने नशा मुक्ति केन्द्र का भी भ्रमण किया और यहां निवासरत लाभार्थियों को नशा छोड़ने के संबंध में आवश्यक समझाईश दी।

वृद्धाश्रम संचालिका दुर्गा त्रिपाठी ने वृद्धाश्रम की रूपरेखा और संचालन के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी द्वारा शिविर के उद्देश्य व विभागीय गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। जिला आयुष अधिकारी द्वारा कलेक्टर एवं मुख्य अतिथि का औषधीय पौधा आंवला भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी सहित पेंशनर्स यशवंत कुमार शर्मा, दुलाचंद्र शर्मा, कृष्णगोपाल त्रिपाठी, सुंदरदास ठाकुर, एवं प्रमोद कुमार शर्मा, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश सिंगरौल, डॉ. अभिलाषा द्विवेदी, डॉ. विवेक चौबे, सुखेन्द्र वर्मा, फार्मासिस्ट प्रेमा प्रजापति, कम्पाउंडर जनपत प्रसाद प्रजापति, टेक्नीशियन आलोक द्विवेदी, नरेन्द्र त्रिवेदी, सतेन्द्र मोहन श्रीवास, रामदत्त मिश्रा, इन्द्रलाल कोंदर, योगा प्रशिक्षक इंद्रप्रकाश, योगा सहायक अप्रिता त्रिवेदी भी उपस्थित रहीं।

---

## संकल्प से समाधान अभियान में जरूरतमंद व्यक्तियों को आगे बढ़कर लाभ दिलाएं : कमिश्नर

### संभागायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

संकल्प से ही समाधान का लक्ष्य लेकर सरकार की मंषा साफ जाहिर करती है। वहीं क्रियान्वयन से ही संकल्प समाधान को लेकर होगापूरा जागरूकता के साथ योजनाओं का लाभ दिलाने को लेकर तत्पर संभागायुक्त व जिला कलेक्टर।



**पन्ना।** संभागायुक्त अनिल सुचारी ने कहा है कि संकल्प से समाधान अभियान में विभागीय अधिकारी-कर्मचारी जरूरतमंद व पात्र व्यक्तियों को आगे बढ़कर सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ दिलाएं। जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक भी करें। गरीब व वंचित लोगों की मदद व सहायता में ही सार्थकता निहित है। कमिश्नर श्री सुचारी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर संकल्प से समाधान अभियान के प्रथम चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर लगे शिविरों में प्राप्त आवेदनों और निराकरण की जानकारी प्राप्त कर द्वितीय चरण में क्लस्टरवार शिविर आयोजन के तहत कार्ययोजना मुताबिक अधिकारियों को दायित्व निर्वहन के लिए निर्देशित किया गया। इस दौरान अधिकतम आवेदन प्राप्त कर पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऊषा परमार एवं जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी तथा एसडीएम, तहसीलदार व अन्य विभागीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कमिश्नर द्वारा बैठक में अभियान की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी अभियान में चिन्हांकित विभागों की 106 सेवाओं का लाभ आम जनता को अभियान मोड में प्रदान करें। समानांतर रूप से आवेदन प्राप्ति के साथ ही निराकरण भी सुनिश्चित हो। स्थानीय निकायवार बेहतर उपलब्धि का प्रयास किया जाए। बैठक में 12 जनवरी से अभियान की शुरूआत उपरांत प्रत्येक विभाग व कार्यालयों में प्राप्त आवेदन व इनके निराकरण की स्थिति का भी अनिवार्य रूप से शासन के पोर्टल पर इन्द्राज कराने के लिए निर्देशित किया गया। नगरीय विकास विभाग की योजनाओं के लाभ के लिए परिषद की बैठक उपरांत अविलंब निराकरण के निर्देश दिए गए। साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों से अभियान में प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की अपेक्षा भी की गई।

**महाविद्यालय स्तर पर ड्राइविंग लायसेंस के लिए लगाएं शिविर-**

कमिश्नर ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा जिले में महाविद्यालय स्तर पर 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं के लिए ड्राइविंग लायसेंस शिविर लगाया जाए। इसके अलावा पशुपालन विभाग अंतर्गत योजनाओं में स्वीकृति प्रतिशत बढ़ाने, निःशुल्क खसरा, खतौनी एवं चालू नक्शा प्रातालाप क प्रदाय, मुख्यमत्रा बाल हृदय उपचार याजना म जरूरतमद बच्चा का चिन्हांकन कर लाभांवित करने व आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। संभागायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन के साथ ही विकासखण्डवार दिव्यांगजन उपकरण कैम्प का आयोजन करें। जरूरतमंद वृद्धजनों को चश्मा वितरण के लिए भी आवश्यक कार्यवाही की जाए। इसमें समाजसेवियों एवं शासकीय सेवकों का सहयोग भी प्राप्त किया जाए।

**बीमा योजनाओं का प्रदान करें लाभ-**

कमिश्नर ने बैठक में 15 मार्च तक विभिन्न योजनाओं में लक्ष्यपूर्ति के निर्देश दिए। साथ ही किसी भी स्थिति में आवंटित राशि के लैप्स होने की स्थिति से बचने की नसीहत दी। उन्होंने मैदानी कर्मचारियों सहित पात्रजनों को अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना एवं पीएम जीवन ज्योति योजना का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों को सोलर पम्प की स्कीम तथा आम नागरिकों को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की सब्सिडी वाली अन्य योजनाओं से लाभांवित करने के लिए भी कहा। बैठक में वन अधिकार के निरस्त दावों के पुनः परीक्षण व निराकरण में प्रगति लाने, 8 मार्च के पूर्व स्कूलों के नवीन बालिका शौचालयों के निर्माण व मरम्मत कार्य पूर्ण करने तथा आगामी एक माह में पीएचई की एकल स्कीम के कार्य को पूर्ण करने सहित डीपीसी को लापरवाह जनशिक्षकों के विरूद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए गए। संभागायुक्त ने कहा कि आगामी एक अप्रैल से आरंभ होने वाले नवीन शैक्षणिक सत्र के संबंध में पूर्व तैयारी कर लें। किसी भी स्थिति में जर्जर स्कूल भवन में बच्चों की कक्षाएं संचालित न हों। समीक्षा बैठक में एसआईआर मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन तथा दावा आपत्ति निराकरण संबंधी जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

## देवेंद्रनगर से सतना-पन्ना-छतरपुर जोड़ने वाली सड़क जर्जर; टोल वसूली जारी, जनप्रतिनिधि खामोश

### एनएच-39 बना 'गड्ढों का जाल', जनता में भारी आक्रोश जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर सवाल



**पन्ना।** देवेंद्रनगर से निकलकर सतना, पन्ना और छतरपुर को जोड़ने वाला नेशनल हाईवे 39 इन दिनों बदहाली की चरम स्थिति में है। जगह-जगह गहरे गड्ढों ने इस राष्ट्रीय राजमार्ग को खतरनाक मार्ग में बदल दिया है। वाहन चालक जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार यहां गंभीर सड़क हादसे हो चुके हैं, जिनमें लोगों की जान भी गई है। दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। वहीं चार पहिया और मालवाहक वाहन चालकों का आरोप है कि खराब सड़क के कारण उनके वाहन आए दिन खराब हो रहे हैं, जिससे आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इसी मार्ग से सांसद, विधायक और प्रशासनिक अधिकारी नियमित रूप से गुजरते हैं, बावजूद इसके सड़क की मरम्मत को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आती। क्षेत्र में चर्चा है कि लग्जरी वाहनों में सफर करने वाले जिम्मेदारों को शायद इन गड्ढों का अहसास नहीं होता, लेकिन आम जनता हर दिन इसकी कीमत चुका रही है।वाहन चालकों का यह भी कहना है कि जब वे मोहारी टोल प्लाजा पर टोल टैक्स अदा कर रहे हैं, तो फिर उन्हें सुरक्षित और समतल सड़क क्यों नहीं मिल रही? टोल वसूली नियमित है, लेकिन सड़क मरम्मत नदारद।इस मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की चुप्पी सवालों के घेरे में है। जनता पूछ रही हैकृक्या किसी बड़े हादसे के बाद ही जिम्मेदार जागेंगे? क्या राष्ट्रीय राजमार्ग की बदहाली पर राजनीति भारी पड़ रही है? अब क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे। फिलहाल, छभ्-39 की यह स्थिति प्रशासनिक उदासीनता और जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही।

## छत्तैनी ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन, भंडारे व भजन-कीर्तन के साथ हुआ समापन



**अजयगढ़।** अजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छत्तैनी स्थित श्री हनुमानजी मंदिर चुनहा छौनी में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। धार्मिक आस्था और श्रद्धा से ओत-प्रोत इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यम की षुरुआत 13 फरवरी 2026, षुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा बैठक के साथ हुई। कथा का वाचन ग्राम सरपंच श्रीमती आषा-बाबूलाल सिंह, अनिल राजपूत द्वारा किया गया। उन्होंने अपने मधुर एवं ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से भक्तों को श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा, धर्म, भक्ति और सत्कर्मों का महत्व विस्तार से बताया। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। 20 फरवरी 2026, षुक्रवार को दोपहर 2 बजे से हवन-पूजन एवं विषाल भंडारे का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हवन-पूजन में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। तत्पष्चात भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समापन अवसर पर कीर्तन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिन पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। पूरे वातावरण में भक्तिमय उल्लास व्याप्त रहा। कार्यक्रम में हमें भी शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। यह आयोजन समस्त राजपूत परिवार के तत्वावधान में संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन की कामना व्यक्त की।

## खबर संक्षेप



### 5 साल से फरार आरोपी को कानपुर से किया गिरफ्तार

**कटनी।** माधवनगर थाना की झिंझरी चौकी पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को उत्तर प्रदेश के कानपुर से पकड़ा है, जो पिछले 5 वर्षों से फरार था। पकड़े गए आरोपी परवेस कुरैसी पर हत्या, लूट और डकैती जैसे लगभग 35 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार 14 फरवरी 2025 की रात ग्राम पिपरौंध में स्कॉर्पियो कार MP 51 D 0187 में सवार तीन बदमाशों ने शुभम और दीपक जायसवाल पर चाकू से जानलेवा हमला किया था। इस मामले में पुलिस ने धारा 109(1), 3(5) BNS के तहत केस दर्ज किया था। मामले के दो आरोपी, एजाद उर्फ भूरा और गोलू उर्फ बरकत, पहले ही पकड़े जा चुके थे, लेकिन मुख्य आरोपी परवेस कुरैसी फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में साइबर यूनिट की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की गई। सटीक सूचना मिलते ही झिंझरी पुलिस ने उत्तर प्रदेश के भोगनीपुर (कानपुर) जिला अंतर्गत चौकी पुखरायाँ के पास घेराबंदी की और आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया। आरोपी परवेस कुरैसी (36 वर्ष), निवासी दमोह, एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ जबलपुर के गढ़ा व गोहलपुर और दमोह के कोतवाली थाने में निम्नलिखित धाराओं में मामले दर्ज हैं।

### कृषि विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन 23 से

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन योजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौंध में 23 एवं 24 फरवरी को कृषि विज्ञान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसके सफल आयोजन के लिए उप संचालक कृषि अरूणिमा सेन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कृषि विज्ञान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी के व्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य दायित्व सौंपा है। कलेक्टर श्री तिवारी ने इस कृषि विज्ञान मेला में एनएमएनएफ योजना में चयनित समस्त कृषि सखी एवं कृषकों और दुग्ध उत्पादक समितियों के सदस्यों, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के सदस्य कृषकों की की भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। प्राकृतिक खेती, बी आर सी, कोदो-कुटकी चिरौंजी के स्टाल लगाने के निर्देश दिए है। इसके अलावा सांची दुग्ध और स्व-सहायता समूह के उत्पादन का भी प्रदर्शन स्टाल लगाया जाय। किसानों को उन्नत कृषि तकनीकी की जानकारी देने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान मेला में उन्नत कृषि यंत्रों, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, बेलर, रिपर कंबाइन, हार्वेस्टर, ट्रेक्टर, राइस ट्रांस्पलांटर, स्ट्रारीपर आदि मशीनों प्रदर्शन किया जाएगा।

### कृष्णा-रुक्मणि विवाहोत्सव में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूजः स्लीमनाबाद

समीपस्थ ग्राम पंचायत खिरहनी स्थित बाबा हरिदास मंदिर में विश्व कल्याण की कामना को लेकर सप्ताह ज्ञान यज्ञ चल रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा में श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह का आयोजन हुआ। जिसे बड़े धूमधाम से मनाया गया। श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन गुरुवार को कथावाचक पंडित रमाकांत पौराणिक ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया।भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर भयानक सड़क हादसा

## ट्रक से टकराई स्विफ्ट डिजायर कार, एक महिला की मौत, तीन अन्य घायल

छतरपुर।

बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें छतरपुर जिले के एक परिवार की स्विफ्ट डिजायर कार ट्रक से टकरा गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।



हादसा एक्सप्रेसवे के चिचोली थाना क्षेत्र में हुआ। मृतक पदमा गुप्ता (63 वर्ष), निवासी बिहारी मार्ग, छतरपुर हैं। कार में सवार अन्य घायल हैं प्रमोद गुप्ता निवासी बिहारी मार्ग, छतरपुर, सावित्री गुप्ता पत्नी श्रीकांत तथा कार चालक। यह पूरा परिवार एक ही था और शाहजहांपुर स्थित सहज मार्ग संस्था में विगत 10 वर्षों से जुड़े हुए थे। वे वहां आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे।

दुर्घटना के बाद घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सैफई मेडिकल कॉलेज, इटावा अस्पताल पहुंचाया गया। पदमा गुप्ता की हालत गंभीर होने पर उन्हें ग्वालियर रेफर किया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई। अन्य घायलों में प्रमोद गुप्ता और सावित्री गुप्ता की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सावित्री गुप्ता को दिल्ली के उच्चतर अस्पताल रेफर किया गया है।

परिवार के सदस्यों ने बताया कि वे संस्था के कार्यक्रम से वापस आ रहे थे। हादसे के कारणों की जांच पुलिस कर रही है, जिसमें ओवरटेकिंग के दौरान टक्कर का जिक्र है। मृतक पदमा गुप्ता का पोस्टमार्टम छतरपुर जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

# सरकारी भवनों को कब्जे से मुक्त कराने कार्यपालन यंत्री पीडब्लूडी ने जारी किए नोटिस




**छतरपुर।** लोक निर्माण विभाग के भवनों पर कुछ लोग जबरन कब्जा किए हुए है, जिन्हें अतिक्रमण कारियों के कब्जे से मुक्त कराने के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री आशीष भारती ने सख्त कदम उठाते हुए ऐसे लोगों को नोटिस जारी किए है, जो सरकारी भवनों में कब्जा किए है। नोटिस जारी होने के बाद ऐसे अतिक्रमणकारी कब तक मकान खाली करते है यह अब देखना होगा जबकि 8 फरवरी को नोटिस जारी हो चुके है। उनमें संतोष कुमार सेन कोठा सलौहिया दरबाजा भाग बीसी नर्मदेश्वर मंदिर के पीछे, गोंविद रैकवार अशोक रैकबार, योगेश रैकबार पुत्रगण स्वगीय रामप्यारे रैकबार निवासी बेनीगंज से हाउस ऑफ गनेश ढीमर बाला भाग ए भवन 8 क्रमांक 90, शिवप्रसाद शुक्ला हाउस ऑफ बैड मास्टर क्वार्टर भवन क्रमांक 475 नर्मदेश्वर मंदिर के आगे तालाब पर, छोटेलाल सिंह हाउस ऑफ गंगा सिंह भाग ए भवन क्रमांक 27 पुराना स्टेट बैंक के बगल में छतरपुर, ओमप्रकाश रैकबार हाउस ऑफ लटोरा ढीमर बाला भाग डी भवन 88 पुरान स्टेट बैंक के सामने छतरपुर, धर्मेन्द्र रैकबार,मनोज रैकबार हाउस ऑफ गोपी ढीमर बाला भवन क्रमांक 89 पुराना स्टेट बैंक के सामने छतरपुर, श्रीमति माया रैकबार पुराना टाइप का कच्चा आवास भवन क्रमांक 91 पुराना भारतीय स्टेट बैंक के सामने, निरंजन रावत कोठा सरानी दरबाजा भवन क्रमांक 62 सरानी दरबाजा के पास छतरपुर, सलीम पठान हाउस ऑफ शिवप्रसाद दउआ बाला भवन क्रमांक 70 पेड़ा खाना स्कूल के पास छतरपुर, सुधीर सुल्लेरे हाउस ऑफ नाका एट सरानी दरबाजा भवन क्रमांक 125 सरानी दरबाजा छतरपुर शामिल है। इन लोगों को नोटिस जारी होने के बाद खलबली मची हुई है। क्योंकि यह लोग वर्षो से लोक निर्माण विभाग की सम्पति पर कब्जा किए हुए है। अभी तक कई कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग में आए लेकिन किसी ने इन सरकारी भवनों को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने के लिए कोई पहल नही की थी। लेकिन कार्यपालन यंत्री आशीष भारती ने एक अच्छा कदम सरकारी सम्पत्ति को मुक्त कराने के लिए उठाया है।

# उदयपुरा आश्रम में 26 फरवरी से लगेगा दिव्यांग कल्याण शिविर

छतरपुर/राजनगर।

युग पुरूष स्वामी विवेकानंद एजूकेशनल एण्ड सोशल बेलफेयर सोसायटी उदयपुरा द्वारा भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के तत्वाधान में विशाल निःशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन 26 फरवरी से 1 मार्च तक स्वामी विवेकानंद समाज सेवा आश्रम गंज राजनगर रोड़ उदयपुरा में किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष हरगोंविद पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग लगाए जाएंगे और उन्हें निःशुल्क रूप से जरूरत के अनुसार ट्राईसिकल, व्हीलचेयर, स्टेट श्रवण यंत्र भी वितरित किए जाएंगे। सभी प्रकार की जांच और सामग्री निःशुल्क रहेगी। उदयपुरा आश्रम में रजिस्ट्रेशन कराकर दिव्यांग साथी इसका लाभ उठा सकते है, क्योंकि नर सेवा ही नारायण सेवा है। संस्था के अध्यक्ष हरगोंविद पाण्डेय ने समाजसेवी लोगों से अपील की है कि इस शिविर की जानकारी जन जन तक पहुंचाए ताकि अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठा सकें।

# मृत्यु भोज की परंपरा पर प्रहार

## नौगांव में कठेल परिवार ने अनाथ बेटी के कन्यादान से पेश की सामाजिक बदलाव की मिसाल

नौगांव

नौगांव शहर में एक ऐसी प्रेरणादायक पहल सामने आई है, जिसने पारंपरिक सामाजिक रीति-रिवाजों पर सोचने को मजबूर कर दिया है। जहां आमतौर पर किसी परिजन के निधन के बाद मृत्यु भोज आयोजित किया जाता है, वहीं स्वर्गीय गोपाल कठेल के परिवार ने इस परंपरा को त्यागकर मानवता को प्राथमिकता दी।

स्व. गोपाल कठेल के पुत्र कामाख्या उर्फ कान्हा कठेल और समाजसेविका तृप्ति कठेल ने मृत्यु भोज के स्थान पर एक अनाथ बेटी के कन्यादान का संकल्प लेकर समाज को नई दिशा दी।

### 10 साल से अनाथ बेटी को मिला सहारा

करीब दस वर्ष पहले माता-पिता को खो चुकी लक्ष्मी अनुरागी के विवाह में कठेल परिवार ने भावुक होकर सहयोग किया। यह सहयोग केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी का प्रतीक भी है।



परिवार ने बेटी को 75 प्रकार की विवाह सामग्री भेंट की, जिनमें 32 इंच एलसीडी, कूलर, अलमारी, सोने की कील, चांदी की चुटकी, 21,000 की एफडी और 5,100 नगद राशि शामिल है।

स्वर्गीय गोपाल कठेल का निधन लगभग 13 दिन पहले झांसी में उपचार के दौरान हृदय गति रुकने से हो गया था। वे अपने पीछे तीन बहनों तथा मात्र 6 वर्षीय पुत्र कान्हा को छोड़ गए। उनके पिता का देहांत भी करीब 10 वर्ष पहले हो चुका था। शुक्रवार को उनकी 13वीं का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामान्य परंपरा के अनुसार इस अवसर पर मृत्यु भोज किया जाता है, लेकिन कठेल परिवार ने इस रूढ़िगत परंपरा को तोड़ते हुए एक अलग और सकारात्मक निर्णय लिया। स्वर्गीय गोपाल कटेल की बहन तृप्ति कठेल, जो नगर में शोभा देवी समिति के माध्यम से सैकड़ों जरूरतमंद एवं अनाथ बेटियों की शिक्षा और विवाह में सहयोग करती हैं, ने परिवार के साथ मिलकर तय किया कि मृत्यु भोज के बजाय किसी जरूरतमंद बेटी का विवाह कराया जाएगा। जिस बेटी का विवाह संपन्न हुआ, वह 21 वर्षीय लक्ष्मी अनुरागी है। उसके माता-पिता का पहले ही देहांत हो चुका था और उसका पालन-पोषण उसकी मौसी सोमवती ने किया। इस भावुक क्षण में एक तरफ वह बेटी थी जिसके सिर पर माता-पिता का साया नहीं था, तो दूसरी तरफ वह परिवार था जो अपने पिता की 13वीं मना रहा था। दोनों पक्षों की आंखें नम थीं, लेकिन इस आयोजन ने समाज के लिए एक नई दिशा तय कर दी।

# राजनगर थाने में युवक की मौत के मामले ने पकड़ा तूल

## पूर्व सांसद मुंजारे ने दी आंदोलन की चेतावनी

छतरपुर।

जिले के राजनगर थाना में हाल ही में पुलिस हिरासत में 22 वर्षीय युवक राजेश पटेल की मौत का मामला अब तेजी से गरमा रहा है। पुलिस की ओर से इसे आत्महत्या बताया गया है, लेकिन परिवार और ग्रामीणों ने मारपीट तथा रिश्वत मांगने के आरोप लगाते हुए हत्या का दावा किया है।

इस मामले में बालाघाट के पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने सक्रियता दिखाई है। उन्होंने छतरपुर के सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर पुलिस पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। मुंजारे ने कहा कि राजेश पटेल की मौत की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ यह प्रेस वार्ता की और आंदोलन की चेतावनी दी।



मृतक राजेश पटेल इमलिया गांव के निवासी थे। छेड़छाड़ के आरोप में थाने लाए गए थे। परिजनों का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने छोडन्ने के बदले 50 हजार रुपये मांगे, नहीं देने पर मारपीट की गई। पोस्टमार्टम में शरीर पर निशान मिलने की बात भी सामने आई है। घटना के बाद थाने के बाहर ग्रामीणों ने चक्काजाम किया, हंगामा हुआ और भारी पुलिस बल तैनात किया गया। दो आरक्षकों सहित थाना प्रभारी को सस्पेंड किया गया है, लेकिन परिवार हत्या का केस दर्ज करने की मांग पर अड़ा है। मामले की मजिस्ट्रेट जांच भी चल रही है।

पूर्व सांसद कंकर मुंजारे ने कहा यह मामला संवेदनशील है। परिवार के साथ न्याय हो, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो अन्यथा आंदोलन होगा। यह घटना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

# पुलिस ने विभिन्न स्थानों से आधा दर्जन बाईक चोरी करने वाले 2 चोर किये गिरफ्तार

## अभियुक्त पंकज विश्वकर्मा चोरी एवं आम्स एक्ट सहित 4 अपराधों में पूर्व से लिप्त



**छतरपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जिला अस्पताल के पास, नौगांव रीजेंसी होटल के पास, बस स्टैंड के पास, चौबे तिराहा से मोटरसाइकिल की चोरी संबंधी रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रथक प्रथक चोरी के अपराध दर्ज किए गए थे। पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक चोरी की गई मोटरसाइकिल बेचने की फिराक में ग्राम कांटी में घूम रहे हैं। पुलिस द्वारा ग्राम कांटी में छापामार कार्रवाई की गई एवं काँटी - रामनगर कच्चे रास्ते पर जनकपुर पहाड़ी के पास दो युवकों को पकड़ा गया एवं जिला अस्पताल पार्किंग परिसर से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ पर आरोपियों द्वारा अन्य स्थानों से भी मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया गया। आरोपियों द्वारा पूछताछ बताया गया कि दो मोटरसाइकिल जो उनके द्वारा चोरी की गई थी, पुलिस को देखकर वह लावारिस हालत में छोड़कर भाग गए थे। जिला अस्पताल के पास सहित पृथक-पृथक स्थान से चोरी की गई 6 मोटरसाइकिल- टीवीएस स्पोर्ट , हीरो होंडा सीबीजेड, टीवीएस विक्टर, टीवीएस स्टार सिटी, बजाज प्लैटिना, हीरो एचएफ डीलक्स कीमत करीब 4 लाख रुपये बरामद की गई। बरामद मोटरसाइकिल में 2 मोटरसाइकिल-थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत होटल ओम साईं राम के पास एवं ला कैपिटल होटल के पास से चोरी की गई थी। चोरी में संलिप्त दो अभियुक्त पंकज विश्वकर्मा पिता भागीरथ विश्वकर्मा निवासी ग्राम रामनगर थाना कोतवाली जिला छतरपुर, हल्के भैया यादव उर्फ राम प्रसाद यादव पिता प्रेम किशोर यादव निवासी ग्राम रामनगर थाना कोतवाली जिला छतरपुर को गिरफ्तार किया गया। विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी, सहायक उप निरीक्षक गिरजेश राजा, प्रधान आरक्षक उमाशंकर शुक्ला, विपिन चौबे, अवधेश चतुर्वेदी, संदीप तोमर, राजेश बागरी एवं पुलिस टीम की भूमिका रही।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, मामला संदिग्ध

**चंदला।** चंदला क्षेत्र के बंसिया गांव निवासी युवक रोहित विश्वकर्मा पिता सुखदेव विश्वकर्मा की ट्रैक्टर से टक्कर में मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे चंदला से बंसिया जाते समय हुई। साथी सीपू विश्वकर्मा भी घायल हो गया। हालांकि घटना के विवरण में परिजनों और घायल साथी के बयानों में अंतर है, जिससे मामला संदिग्ध बन गया है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ तस्वीर उभरेगी कि यह सड़क हादसा था या कुछ और।

मृतक के चचेरे भाई सुनील विश्वकर्मा ने बताया कि वह और विनोद अलग-अलग बाइकों पर चंदला बाजार से लौट रहे थे। सुनील की बाइक घटना के समय रोहित की बाइक से करीब 100 मीटर पीछे थी। चंदला की ओर से बंसिया जा रहे लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर ने रोहित की बाइक पर जोरदार टक्कर मारी। टक्कर से रोहित जमीन पर गिरा और ट्रैक्टर के पहिए उसके सीने पर चढ़कर निकले। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर ही रोहित की मौत हो गई, जबकि सीपू को मामूली चोटें आईं।

दूसरी ओर, घायल सीपू विश्वकर्मा ने चंदला स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान बताया कि वह और रोहित एक ही बाइक पर सवार थे और प्लाई लेकर जा रहे थे। चौबिन ताला के पास उन्होंने बाइक खड़ी कर पढरी गांव के एक साथी के साथ गांजा पीना शुरू किया। तभी बंसिया की ओर से आ रहे रेत से भरे लाल रंग के महिंद्रा ट्रैक्टर ने बाइक पर टिकी प्लाई को टक्कर मारी। प्लाई गिर गई और रोहित ट्रैक्टर की ओर दौड़ा। ट्रैक्टर पर ड्राइवर के अलावा एक और व्यक्ति सवार था। सीपू स्पष्ट



नहीं बता पाया कि ट्रैक्टर चालक ने रोहित को लात मारी, धक्का दिया या रोहित असंतुलित होकर ट्रैक्टर के नीचे आ गया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि वह और रोहित पहले से शराब पीए हुए थे। मृतक के बहनोई अमित विश्वकर्मा ने कहा कि शरीर पर चोटों को देखकर ऐसा नहीं लगता कि यह सामान्य ट्रैफिक एक्सीडेंट था। यह पुलिस जांच का विषय है। वे चाहते हैं कि पुलिस जल्द सच्चाई सामने लाए कि यह हादसा था या सोची-समझी साजिश। शुक्रवार दोपहर डॉक्टर राहुल अहिरवार की मौजूदगी में चंदला के डेड हाउस में पोस्टमार्टम हुआ और शव परिजनों को सौंप दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सटीक कारण और घटना की प्रकृति स्पष्ट हो सकेगी।

# पीडीएस राशन घोटाले का वीडियो वायरल

## हाईवे पर ट्रकों से उतारा जा रहा था माल, गरीबों का हक लुटने का खेल कैमरे में कैद



**छतरपुर।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को मिलने वाले राशन में बड़े पैमाने पर कथित घोटाले का मामला सामने आया है। छतरपुर-पन्ना नेशनल हाईवे पर ट्रकों से राशन की बोरियां और अन्य सामग्री बीच सड़क पर उतारते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना चंद्रनगर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत टोरिया गांव के पास की बताई जा रही है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि ट्रकों से राशन की बोरी उतारी जा रही हैं, जबकि ट्रकों के नंबर प्लेट भी स्पष्ट नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रक चालक निर्धारित गोदाम तक पूरा माल नहीं पहुंचाते, बल्कि रास्ते में ही कुछ दुकानों या अन्य जगहों पर उतारकर चोरी-छिपे ब्लैक मार्केट में बेच दिया जाता है। इससे गरीब परिवारों को उनका हक नहीं मिल पाता और सरकारी अनाज का बड़ा नुकसान हो रहा है।

इस वीडियो के वायरल होने के बाद प्रशासन पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोग इसे गरीबों के अधिकारों पर सीधा डाका बता रहे हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी सीताराम कोठारे ने मामले की जांच शुरू करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि वीडियो और आरोपों की जांच कराई जाएगी तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रक मालिकों और संबंधित विभाग की मिलीभगत की आशंका भी जताई जा रही है। यदि आरोप सत्यापित होते हैं, तो यह पीडीएस व्यवस्था में गहरी सड़ांध को उजागर करने वाला मामला साबित हो सकता है।

# अवैध कालोनी निर्माण पर चलाया बुल्डोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



उपनगरीय क्षेत्र के शिवाजी वार्ड स्थित बजरंग कॉलोनी क्षेत्र में बिना सक्षम अनुमति की जा रही अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम के अतिक्रमण दल ने स्थल से निर्मित संरचनाओं को हटाने की कार्यवाही की।

निगम के क्षेत्रीय उपयंत्री जे.पी.बघेल एवं अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि बजरंग कालोनी में अवैध प्लाटिंग की सूचना मिलने पर निगम की कॉलोनी सेल एवं अतिक्रमण टीम के संयुक्त निरीक्षण के दौरान किसी अमित साहू नामक व्यक्ति द्वारा बिना किसी विधिसम्मत स्वीकृतियाँ प्राप्त किये निर्धारित नियमों के विपरीत कालोनी का निर्माण कराया जाना पाया गया। जिस पर संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए बिना अनुमति निर्मित की गई संरचना लगभग 150 मीटर रोड को जेसीबी मशीन से अलग करने की कार्यवाही की गई।

क्षेत्रीय उपयंत्री जे.पी.सिंह बघेल ने बताया कि उक्त स्थल पर पूर्व में शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित को नोटिस जारी करते हुए निगम कार्यालय से सक्षम अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही नियमानुसार निर्माण कार्य करने हेतु निर्देशित करने के बाद भी संबंधित द्वारा नियमों का उल्लंघन करने पर यह कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर विधि अनुरूप कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है।

निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शहर में अवैध कॉलोनियों एवं नियम विरुद्ध निर्माण कार्यों पर सख्ती जारी रहेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार के निर्माण अथवा भू-विकास कार्य से पूर्व आवश्यक अनुमतियाँ अवश्य प्राप्त करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# जिले के कई खरीदी केंद्रों में तीन करोड़ से अधिक धान का शार्टेज अधिकारियों की लापरवाही या घोटाला छिपाने पर पर्दा डालने का प्रयास

## हजारों किसानों का अटका भुगतान, लगा रहें अधिकारियो के चक्कर, कई समितियों के ब्लैक लिस्ट होने का खतरा

रीवा।

जिले में किसानो से खरीदी गई गई धान का अब तक भुगतान नही किए जाने की वजह से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि जहां एक ओर नान के अधिकारी अपनी ही कारस्तानियों को छिपान में लगे है तो वही बैंक के अधिकारी किसानों को भगतान करनें में आनाकानी कर रहे है। बता दें कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन में नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों की लापरवाही और खरीदी में घोटाले पर पर्दा डालने की कोकिश एक बार सहकारी समितियों पर भारी पड़ती दिख रही है। रीवा और मऊगंज जिले में बड़े पैमाने पर उपार्जित धान का शार्टेज खरीदी बंद होने के दो हप्ते बाद भी बरकरार है। दोनों जिले में 3.35 करोड़ की धान का शार्टेज फरवरी की स्थिति में दिख रहा है। नॉन की इस करतूत के चलते कई सहकारी संस्थाओं पर ब्लैक लिस्ट होने का खतरा मंडराने लगा है। साथ ही दोनों जिले के एक हजार से अधिक किसानों का भुगतान भी अटक गया है। गौर करने वाली बात यह है कि गत माह की 20 तारीख से धान उपार्जन की प्रक्रिया बंद कर दी गई है, लेकिन नॉन उपार्जन और भंडारण के वास्तविक आंकड़े अब भी बताने की स्थिति में नहीं है। रीवा में 70 और मऊगंज में 34 थे खरीदी केंद्र उल्लेखनीय है



कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए रीवा में 70 और मऊगंज में 34 खरीदी केंद्र बनाए गए थे। इनमें 2376 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किसानों की धान की शासन द्वारा खरीदी की गई थी। बताया जाता है कि अकेले रीवा जिले के 10 और मऊगंज के 5 केंद्रों में 9 लाख से लेकर 24 लाख रुपए से अधिक की धान का शार्टेज पाया गया है। इनमें रीवा की सेमरिया सहकारी संस्था में सबसे अधिक 965 कुनटल धान कम पड़ गई है। वहीं मऊगंज के सेवा सहकारी समिति बिछरहटा केंद्र में 616



क्विंटल धान कम पाई गई है।2.99 करोड़ की धान तलाशन में जुटा विभागबताया गया है कि रीवा जिले के सभी 70 खरीदी केंद्रों में उपार्जित और नॉन के रिकार्ड में बड़े पैमाने पर अंतर सामने आया है। जारी आंकड़े में 2.99 करोड़ की धान का पता नहीं है। विभागीय सूत्र बताते हैं कि नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा जानबूझकर आंकड़ों को लंबित रखा जा रहा है, जिससे खरीदी प्रभारी और किसानों दोनों को परेशानी में फंसे रहें। रीवा की समरिया समिति में 24.12 लाख, कनौजा खौर में 21.01 लाख, सेवा सहकारी समिति अमिलिया में 20 लाख रुपौली दादर में 15 लाखसहित पूरे जिले में 2.99 करोड़ की धान का शार्टेज हैअधिकारी नही दे पा रहे सही जानकारीबताया गया है कि मऊगंज जिले में भी 1 करोड़ 34 लाख रुपए की धान कम दिख 7 रही है। यहां 34 खरीदी केंद्र 5 ऐसे हैं, जिनमें 10 लाख से लेकर 15 लाख रुपए से अधिक की धान का शार्टेज पाया गया है। इसमें बिछरहटा केंद्र में 15.41 लाख, पाडर में 12.37 लाख, हर्दी में 11.66 लाख, पटपरा में 11.40 लाख और पक्षी में 10.82 लाख की धान उपार्जन पोर्टल से गायब है। हालाकि उपार्जन से जुड़े जानकारों का कहना है कि शर्टेज का यह आंकड़ा कम होगा, लेकिन इसके बाद 7 भी कई लाख की धन की भरपाई करना संभव नहीं होगा। बताया जाता है कि कई केंद्रों की गड़बड़ी को किसी भी दशा में सुधारा नहीं जा सकता। इस मामले में नान के जिला प्रबंधक कमलेश तांडेकर फिलहाल चुप्पी साध कर बैठ गए हैं।

## खबर संक्षेप

### निगमायुक्त ने अधिकारी कर्मचारियों को जारी किया चेतावनी पत्र

**कटनी**। वित्तीय वर्ष 2025-26 में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप बकायेदारों से प्रति सप्ताह संपर्क कर बकाया करों की वसूली हेतु गठित निगम के सामूहिक दल के अधिकारियों कर्मचारियों को आपसी सामंजस्य के साथ प्रति शनिवार को सामूहिक रूप से कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वसूली कार्य करने चेतावनी पत्र जारी किया है। उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 की राजस्व वसूली की समीक्षा के दौरान जलकर एवं संपत्ति कर की डिमांड अनुरूप वसूली संतोषजनक नहीं पाए जाने पर निर्धारित लक्ष्य अनुरूप बकायेदारों से वसूली हेतु वार्डवार अधिकारियों कर्मचारियों के दल का गठन कर प्रति सप्ताह शनिवार को सामंजस्य स्थापित करते हुए वसूली हेतु निर्देशित किया गया था। किन्तु गठित दल के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से कार्यवाही नहीं किये जाने के फलस्वरूप संपत्ति कर एवं जलकर की वसूली निर्धारित लक्ष्य अनुरूप नहीं होने से निगमायुक्त द्वारा दल के अधिकारी कर्मचारियों को चेतावनी दी जाकर आपसी सामंजस्य स्थापित कर वसूली की कार्यवाही करने के अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

### मच्छरों के विनष्टीकरण के लिए फागिंग अभियान

**कटनी**। शहर में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप, डेंगू मलेरिया एवं मच्छर जनित अन्य संक्रामक बीमारियों के प्रसार की संभावना को रोकने के लिए निगम प्रशासन द्वारा निर्धारित कैलेण्डर अनुसार लगातार सघन फाागिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत रोजाना रोजाना दो वार्डो में ई रिक्शा के माध्यम से विभिन्न मुख्य मार्गो, गलियों एवं सघन बस्तियों में रायायनिक धुंए का छिड़काव किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के तहत बुधवार शाम हेमू कालाणी वार्ड और महाराणा प्रताप वार्ड की विभिन्न मार्गो एवं सघन बस्तियों में ई रिक्शा में स्थापित फागिंग मशीन मशीन से रासायनिक धुआं छोड़ने की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवासीय क्षेत्रों, नालों के आसपास तथा जलभराव वाले स्थानों पर विशेष फोकस किया। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें, अनावश्यक जलभराव न होने दें तथा निगम के अभियान में सहयोग करें। नगर निगम का यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा, जिससे आगामी ग्रीष्म ऋतु मे नागरिकों को राहत मिल सके।

### 22 घुमंतू मवेशियों को भेजा गया अमीरगंज गौशाला

**कटनी**। नगर के सार्वजनिक मार्गो की सुगम एवं सुरक्षित आवागमन व्यवस्था तथा सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देजनर निगम प्रशासन द्वारा नियमित रूप से अभियान स्वरूप कार्यवाही की जाकर आवारा मवेशियों को गौशाला एवं गौ आश्रय केन्द्र में भेजने की कार्यवाही की जा रही है। नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरूवार को घुमंतु मवेशियों को सार्वजनिक मार्गो से हटानें हेतु आयोजित अभियान के दौरान जिला चिकित्सालय, स्टेशन रोड पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास मुख्य मार्ग, झंडा बाजार, पोस्ट ऑफिस के सामने, मिशन चैक, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, मुड़वारा स्टेशन दुर्गा मंदिर के पास सहित साउथ स्टेशन पहुंच मार्ग से 22 नगर आवारा मवेशियों को पकड़कर काऊ केचर वाहन से अमीरगंज स्थित कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई। निगम प्रशासन ने पशुपालकों से नगर के सार्वजनिक मार्गो मे मवेशियों को न छोड़कर सुगम आवागमन के लिए निगम प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

# बोर्ड पैटर्न आधारित 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा का शुभारंभ प्राचार्य एवं जन शिक्षकों ने किया सघन निरीक्षण

रीवा




राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड पैटर्न पर वार्षिक परीक्षाएं 20 फरवरी से प्रारंभ होकर 28 फरवरी 2026 तक संचालित की जाएंगी। प्राचार्य श्री राजकुमार सिंह के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय महसाव रीवा जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत परीक्षा केदो का गहन निरीक्षण जन शिक्षक श्री रामकृष्ण द्विवेदी एवं विशाल शुक्ला द्वारा किया गया। जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत 685 विद्यार्थियों में 634 विद्यार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित पाई गई। जनशिक्षा केंद्र प्रभारी एवं जन शिक्षकों द्वारा संबंधित केंद्राध्यक्षों को परीक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय केंद्र अध्यक्ष श्री भास्कर दत्त त्रिपाठी, श्री ललित साकेत, श्री शरद द्विवेदी, राजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पुष्पा दुबे,, ज्ञानेंद्र पटेल, रक्षामिबका सोनी एवं राजेश चौरसिया सहित परीक्षा कार्य हेतु शिक्षक उपस्थित रहे। डीपीसी महोदय रीवा एवं जिला स्तरीय अधिकारियों एवं समस्त ब्लॉक स्तरीय अमले को परीक्षा के सुचारू, पारदर्शी एवं व्यवस्थित संचालन हेतु प्रत्येक परीक्षा दिवस सतत निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं।

# लक्ष्य अनुसार वसूली की कार्यवाही करें : कलेक्टर

रीवा



कलेक्टर प्रतिभा पाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि लक्ष्य के अनुरूप वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने जिला पंजीयक, आरटीओ, खनिज, आबकारी अधिकारी एवं नजूल अधिकारी को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये निर्धारित लक्ष्य के अनुसार अपने-अपने विभाग की राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व लेखा के प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया कि 18 करोड़ के वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक 8 करोड़ रूपये की राजस्व वसूली हुई शेष राशि की वसूली नियत समय से पूर्व अनिवार्यतः करायें।

# अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से प्रतिभा योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**रीवा** । जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों से प्रतिभा योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन एमपीटीएएएससी पोर्टल पर 20 फरवरी से 20 मार्च तक किए जा सकते हैं। इस संबंध में जिला संयोजक केके पाण्डेय ने बताया कि प्रतिभावान अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए 'प्रतिभा योजना' के तहत विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य उन सक्षम और मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करना है, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर की कठिनतम प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का परचम लहराया है। जिला संयोजक ने बताया कि योजना के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के वे विद्यार्थी लाभान्वित होंगे जिन्होंने जेईई, नीट, क्लैट, एम्स या एनडीए जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर देश के प्रमुख संस्थानों आईआईटी, एनआईटी, एनएलयू या एम्स में प्रवेश लिया है। इसके अतिरिक्त मध्यप्रदेश स्थित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में एमबीबीएस में प्रवेश लेने वाले छात्र भी इस योजना के पात्र होंगे। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को मध्यप्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। विद्यार्थी के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक के पास विभाग का 'हितग्राही प्रोफाइल पंजीकरण' होना आवश्यक है। छात्र का बैंक खाता आधार से लिंक होना अनिवार्य है ताकि राशि सीधे खाते में भेजी जा सके। विभाग ने आवेदन की प्रक्रिया को पूरी तरह व्यवस्थित और पारदर्शी रखा है। संस्थान में प्रवेश लेने के पश्चात छात्र को योजना के लिए आवेदन करना होगा, जिसकी पुष्टि संबंधित शिक्षण संस्थान द्वारा की जाएगी। विभागीय अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की सूक्ष्म जांच के बाद, प्रोत्साहन राशि सीधे विद्यार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी छात्र को उनके पंजीकृत ईमेल और मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से निरंतर दी जाती रहेगी।

# जन समस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

## देवतालाब विधानसभा के अंतर्गत हर अंतिम छोर के व्यक्ति को शासन की योजनाओं से वंछित नहीं रहना पड़ेगा राहुल गौतम पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष

**मऊगंज।** जिले के देवतालाब विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत धवैया में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया था जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राहुल गौतम रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में राम गोविंद तिवारी भूपेंद्र अग्निहोत्री कार्यक्रम में सर्वप्रथम देवी मां की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम में 50 से अधिक वृद्धि जनों एवं महिलाओं का शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया जन समस्या निवारण शिविर में 300 से अधिक हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए वृद्धा पेंशन निराश्रित पेंशन प्रधानमंत्री आवास एवं नए ट्रांसफार्मर के लिए मुख्य अतिथि ने आश्वासित किया कि जल्द आपकी समस्याओं का निदान किया जाएगा मुख्य अतिथि राहुल गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि देवतालाब विधानसभा के अंतर्गत 152 ग्राम पंचायत में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा जिससे आम हितग्राहियों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाए उन्होंने कहा कि के गरीब निर्धन व्यक्तियों को शासन की योजनाओं से वंचित नहीं रहना पड़ेगा सभी को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा ग्राम पंचायत धवैया हमारे विधानसभा का अभिन्न अंग है विकास के कार्यों में काम करने के लिए हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे इस मौके पर युवा नेता



दीपेंद्र गौतम जिला मंत्री प्रियंका पटेल मंडल अध्यक्ष रघुराजगढ़ लवकुश सिंह सरपंच ग्राम पंचायत धवैया धीरेंद्र सिंह कल्लू अंगिरा शुक्ला हरीश शुक्ला नरेंद्र पांडे संतोष मिश्रा राम उजागर साहू अनिल गौतम मोतीलाल पांडे संदीप पटेल मनोरथ तिवारी मुस्ताक खान नीरज सिंह आदि संगठन के पदाधिकारी एवं ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मऊगंज में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गयी

**मऊगंज।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल की अध्यक्षता में जिला पंचायत रीवा की सामान्य सभा की बैठक मऊगंज में आयोजित की गयी। कलेक्टर सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रीमती नीता कोल ने कहा कि जिला पंचायत सदस्यों की विशेष मांग पर मऊगंज में जिला पंचायत की सामान्य सभा की पहली बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क फेज-4 के तहत 304 ग्रामों एवं मुख्यमंत्री मजराटोला सड़क योजना अन्तर्गत 1320 ग्रामों के सड़क निर्माण का सामान्य सभा में अनुमोदन किया गया।



अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि रीवा एवं मऊगंज जिले में ऐसे बहुत से गांव व मजरे टोले थे जो बारहमासी सड़कों के संपर्क से दूर थे और यहां के ग्रामीणों को आवागमन में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की पहल पर जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सड़क निर्माण की बड़ी समस्या का समाधान होगा। भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के फेज क्रं.4 के अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण विकास प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप रीवा जिले के 304 गांवों का चयन प्राथमिकता क्रम में किया गया है जिसमें 550 किलोमीटर सडकों का निर्माण होगा। इसी तरह मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजना के अन्तर्गत कुल 1320 गांवो में 1034 किलोमीटर सड़कों का निर्माण का अनुमोदन जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक में किया गया जिसकी वित्तीय स्वीकृत भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा दी जायेगी। इसके अतिरिक्त मऊगंज, हनुमना, नईगढ़ी, त्योथर विकासखण्डों के पेयजल योजना की समीक्षा भी की गई जिसमें सदस्यों द्वारा बताया गया मऊगंज एवं हनुमना विकासखण्ड अन्तर्गत ग्रामों में कम गहराई बाले हैण्डपम्प बंद हो रहे हैं, एकल योजना से जो टंकिया बनी है उनका संचालन नहीं किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल जीवन मिशन को निर्देशित किया गया कि आगामी गर्मी में पानी की समस्या को देखते हुए सभी एकल योजनाओं को चालू किया जाय। जिन बसाहटो में हैण्ड पम्प सूख गये हैं उनकी सूची तैयार कर कलेक्टर मऊगंज को सौपी जाय ताकि परिवहन की व्यवस्था हो सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, उप मुख्यमंत्री जी के प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय सहित जिला पंचायत सदस्य के. डी. शुक्ला, देवेन्द्र शुक्ला, आशीष रामलाल पटेल, मृत्युन्जय मिश्रा, अनीता सुमन, गीता मांझी, गुलबसिया वर्मा, बूटी कोल, अनीता सिंह गोड़, पद्मेश गौतम, श्रीमती मालती मिश्रा, प्रमोद जयसवाल, पुष्पा पटेल, मुद्रिका पटेल, विनय मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि सिरमौर एवं देवतालाब, जनपद अध्यक्ष नईगढ़ी ममता तिवारी, जनपद सी.ई.ओ. मऊगंज, कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय, नीतेश सिंह, संजय सिंह, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क प्राधिकरण के महाप्रबंधक उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कोल का महाप्रबंधक डी.पी. तिवारी द्वारा सम्मान किया गया।

# फर्जी खाते खोल लाखों का लेन देन, 3 जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जाली बैंक खाता खुलवाकर लाखों रूपये का लेन देन करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को कोतवाली पुलिस ने अपनी गिरफ्त में लिया है। यह सफलता पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस को मिली है। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के अनुसार गिरोह के सदस्यों द्वारा अपने परिचित के लोगों को पैसों का लालच देकर उनका खाता खुलवाकर खाते से संबंधित दस्तावेज जैसे पासबुक, एटीएम और सिम अपने पास रख लेते थे और उनमें लाखों का अवैध लेन-देन हो रहा था जिसके बारे में खाताधारक को कोई जानकारी नहीं लग पाती थी।

### भरोसे में लेकर धोखाधड़ी

पुलिस के अनुसार 17 फरवरी 26 को रबर फैक्ट्री रोड़ निवासी अभिषेक तोमर द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट लेख कराई कि इसका दोस्त योगेश सिंह ठाकुर निवासी जालपा वार्ड कटनी हाल शिवाजी नगर गली नं. 02 ने करीब 15 दिन पहले मेरे पास आकर बोला कि मुझे अपने बिजनेस के लिए बैंक अकाउण्ट की जरूरत है, यदि तुम मुझे अपना अकाउण्ट दोगे तो उसके बदले हर माह तुम्हें 10-15 हजार रूपये देता रहूंगा। जो मैनें अपने दोस्त पर भरोसा करते हुए इलाहाबाद बैंक शाखा एन.के.जे. में अपना खाता खुलवाया। खाता खुलने के बाद योगेश सिंह ने मेरे खाते की पासबुक, एटीएम व एकाउण्ट से लिंक मोबाईल नंबर ले लिया। योगेश ने मुझे बोला कि मैं कोई गलत काम नहीं करूंगा खाते में केवल मेरे बिजनेस का पैसा आएगा जिससे तुम्हें भी कुछ आमदनी होती रहेगी। कुछ दिन बाद मुझे बैंक से जानकारी लगी कि मेरे खाते में कुछ ही दिनों में लाखों रूपये का लेन-देन हो रहा है। पैसा कहां से और कैसे आ रहा है ये बात मैंने अपने दोस्त योगेश से पूंछी तो वह बोला कि तुम खाते के लेन-देन से कोई मतलब नहीं रखो, मैं सब देख लूंगा। तब मुझे लगा कि योगेश सिंह ने मुझे विश्वास में लेकर मुझसे धोखाधड़ी की है।

फरियादी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं दिशा निर्देश प्राप्त किए गए। रिपोर्ट पर धारा 318(4), 319(2) बीएनएस का आरोपी योगेश सिंह ठाकुर के विरूद्ध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### आरोपितों को ऐसा दबोचा

मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा आरोपी की पता तलाश करते हुए चंद घंटों में ही आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की गई। पकड़े गए आरोपी योगेश सिंह ठाकुर ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह अपने जान पहचान के लोगों को पैसों का लालच देकर अलग-अलग बैंकों में म्यूल एकाउण्ट खुलवाता है और खाते संबंधी दस्तावेज जैसे पासबुक, चैक बुक, एटीएम कार्ड और खाते में दर्ज मोबाईल नंबर की सिम को हर्ष नागवानी नि. गुरूनानक वार्ड कटनी, अग्नीज उर्फ सैम चंदनानी निवासी जयप्रकाश वार्ड कटनी एवं रजनी यादव निवासी गांधीगंज कटनी को दे देता है। जिसके एवज में प्रति खाते के हिसाब से मुझे कमीशन मिल जाता है।

### 3 दिन में 6.35 लाख का लेन देन

आरोपित द्वारा बताए गए अन्य आरोपियों हर्ष नागवानी, अग्नीज उर्फ सैम चंदनानी एवं रजनी यादव की पता तलाश की गई। जो आरोपी हर्ष नागवानी और अग्नीज उर्फ सैम चंदनानी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। पकड़े गए दोनों आरोपियों के द्वारा भी स्वयं म्यूल खाते खोलकर और योगेश सिंह से मिलने वाले म्यूल खातों को रजनी यादव निवासी गांधीगंज कटनी को देना बताया गया। आरोपिया रजनी यादव की पता तलाश जारी है। फरियादी अभिषेक तोमर के बैंक खाते के बारे में बैंक से जानकारी प्राप्त करने पर 03 दिनों में ही खाते में 6 लाख 35 हजार रू के लगभग संदिग्ध लेन-देन होना पाया गया है। अन्य खातों के बारे में भी संबंधित बैंकों से जानकारी एकत्रित की जा रही है।